प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

चिरेका में एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित

चित्तरंजन,04.05.2024; चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के प्रशासनिक भवन स्थित बैठक कक्ष सभागार में आज 04.05. 2024 को यूनियन और एसोसिएशनों के साथ स्वस्थ औद्योगिक संबंध बनाए रखने के लिए All India SC & ST railway employees Association(आल इंडिया एससी एसटी रेल एम्प्लाइज एसोसिएशन) चिरेका जोन के साथ एक बैठक आयोजित की गई। कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता श्री हितेंद्र मल्होत्रा महाप्रबंधक (चिरेका) ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में एससी एसटी कर्मचारी हितों से संबंधित 35 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में SC & ST कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को उपस्थित अधिकारीयों के समक्ष रखा गया । जिसके उचित समाधान का आश्वासन दिया गया है । इस बैठक में मुख्य रूप से श्री अमिताभ चौधरी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी; विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष गण ,श्री एस.सी ब्रह्म, अध्यक्ष, एससी/ एसटी एसोसिएशन चिरेका, सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे .

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी.